Regarding financial assistance to farmers due to loss by floods

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में मेरे लोगों का दर्द साझा करने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

पिछले हफ्ते भन्डारा-गोंदिया जिले में भारी बारिश होने के कारण एवं गोसीखुर्द बांध के अधूरे कामों के कारण बाढ़ आई थी, जिसमें धान की फसल, किसान, नागरिक और व्यापारियों को बहुत नुकसान हुआ है । बारिश होने के कारण किसान भाई फिर से फसल भी नहीं लगा सकते हैं । यह प्रश्न उठता है कि वह पूरे साल क्या खाएंगे, कैसे जिएंगे? किसानों को सिर्फ 5,000 रुपये प्रति एकड़ खर्च दिया गया है, जबकि किसानों की लागत 25,000 रुपये प्रति एकड़ आती है । आप उनकी आय को दोगुना करने की बात कर रहे थे, लेकिन उनकी जेब ही कट गई है । आज हमारा अन्नदाता किसान संकट में है ।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि बाढ़ से ग्रस्त किसानों को 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की आर्थिक सहायता देनी चाहिए । क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचों एवं घरों के पुनर्वास के लिए विशेष निधि शीघ्र ही आवंटित की जाए । किसानों की कर्जमाफी की जाए । मोदी जी, आप कहां हैं?

वर्ष 2022 में संजय सरोवर बांध का पानी छोड़ने के कारण प्रलयकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों को अब तक घर नहीं मिला है? उन्हें कब न्याय मिलेगा? कब गरीबों और लाभार्थियों को जमीन के पट्टे मिलेंगे? मैं उस बूढ़ी मां को क्या जवाब दूं, जो रोज मुझसे पूछती है कि मुझे कब घरकुल मिलेगा? कब मुझे घरकुल अलॉट होगा? कब घरकुल योजना के अंतर्गत लोगों को अपने घर बनाने के लिए पैसे दिए जाएंगे? कब किसानों को फसल के पैसे दिए जाएंगे? कब मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों को मजदूरी मिलेगी? कब बिजली के बढ़े हुए दाम कम होंगे? कब किसानों को 24 घंटे बिजली मिलेगी?

अरे, 24 घंटे बिजली नहीं है, तो कम से कम 12 घंटे ही बिजली दे दो । रात को क्यों बिजली देत हो? दिन में बिजली क्यों नहीं देते हो? किसान दिनभर काम करेगा और क्या वह रात को खेतों में बटन चालू करने के लिए जाएगा? अगर उसको सांप ने काट लिया, तो किसकी जिम्मेदारी होगी??(व्यवधान)

सभापति महोदय, कब विनेश फोगाट को न्याय मिलेगा? क्या केन्द्र सरकार अन्याय के खिलाफ उसका साथ देगी? मोदी जी, आप कहां हैं ।?(व्यवधान)